राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–225/2024

राज्यपाल ने चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 को सम्पन्न कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया

पटना, 26 अक्टूबर 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना में 16 से 19 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित चांसलर ट्रॉफी अंतर–विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता, 2024 को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशिक्षकों, रेफरी बोर्ड (इंटरनेशनल) के सदस्यों, बिहार राज्य कबड्डी संघ के तकनीकी पदाधिकारियों, अंपायरों एवं ग्राउण्ड्स मैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्हें संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि इस टूर्नामेंट के सफल आयोजन में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने अपने लगन, निष्ठा और खेल के प्रति समर्पण से बिहार में कबड्डी के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। उन्होंने उनसे भविष्य में कबड्डी के लिए एक रोडमैप बनाने को कहा। राज्यपाल ने कबड्डी को बढ़ावा देने हेतु उनके द्वारा दिये गए सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन भी दिया।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार के प्रत्येक विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स के लिए एक डीन तथा स्पोर्ट्स सेल होंगे। कबड्डी सिखानेवाले कोच भी होंगे। उन्होंने पूरे देश के सभी विश्वविद्यालयों का कबड्डी टूर्नामेंट आयोजित किये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कबड्डी में बिहार का नाम हमेशा उपर होना चाहिए। बच्चों को पढ़ाई के दौरान ही उनकी रूचि के खेल में आगे बढ़ाना चाहिए। राज्यपाल ने बिहार में खेल को बढ़ावा देने हेतु सभी आवश्यक प्रयास करने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर बिहार राज्य कबड्डी एसोसियेशन के चेयरमैन कुमार विजय सिंह भी उपस्थित थे।

....